BABA MASTNATH UNIVERSITY

ASTHAL BOHAR, ROHTAK

Public Relations Office

Name of the Publication .... HARI BHOOMI ....

Date 12/12/2024 .... Page .... 11 .... Column .... 02 ....

Subject .... बीएमयू के मानविकी एवं लिबरल लैंग्वेज विभाग में मनाया भारतीय भाषा उत्सव

बाबा मस्तनाथ विवि के मानविकी एवं लिबरल लैंग्वेज विभाग में मनाया भारतीय भाषा उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के मानविकी एवं लिबरल लैंग्वेज विभाग में भारतीय भाषा उत्सव बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष आयोजन की अध्यक्षता प्रोफेसर बीएम यादव, संकाय अधिष्ठाता ने की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारतीय भाषाओं की महत्ता को रेखांकित करना और उनके संरक्षण व संवर्धन के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

मुख्य वक्ता के रूप में हिंदी विभाग के प्रोफेसर बाबूराम ने हिंदी विभाग दिवस की महत्ता और वर्तमान समय में इसकी आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने भारतीय भाषाओं को हमारी सांस्कृतिक धरोहर बताते हुए उनकी मजबूती के लिए समर्पण की आवश्यकता पर जोर दिया। विशिष्ट वक्ता के रूप में आमंत्रित प्रोफेसर जगदीश भारद्वाज ने भारतीय भाषाओं के संरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने भाषाओं के महत्व को केवल संचार का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी पहचान और संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बताया। प्रोफेसर भारद्वाज ने भाषाओं को संरक्षित रखने के लिए शैक्षणिक और सामाजिक स्तर पर ठोस प्रयासों की अपील की। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने विभिन्न प्रस्तुतियों और चर्चा सत्रों के माध्यम से भारतीय भाषाओं की विविधता और उनकी चुनौतियों पर अपने विचार साझा किए। इस मौके पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुईं, जिनमें छात्रों ने भाषाई परंपराओं को कलात्मक रूप से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने वाले विशिष्ट अतिथियों में इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. यशपाल सिंह, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. सुधीर मलिक, डॉ. सुमन राठी. डॉ. रेखा, डॉ. प्रवेश कुमारी, डॉ. निशा शामिल थे।

रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में भारतीय भाषा उत्सव पर बोलते हुए हिंदी विभाग के प्रोफेसर बाबूराम। फोटो : हरिभूमि